


# पूरा जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

## तेजी से गिर रहे जल स्तर के मद्देनजर प्रशासन ने लिया फैसला

नवभारत न्यूज

**सतना 04 अप्रैल. वर्षाकाल में जिले में सामान्य औसत वर्षा से कम वर्षा होने तथा सिंचाई इत्यादि कार्यों में भू-गर्भीय जल का अत्यधिक दोहन होने के कारण जिले के समस्त विकासखण्ड एवं नगरीय और शहरी क्षेत्रों के नलकूपों एवं अन्य जल स्त्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। जिससे पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है।**

जिले में पेयजल संकट की स्थिति पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों के तहत जनहित में सतना (राजस्व) जिले के समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय, शहरी क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से 5 अप्रैल से 30 जून 2026 तक की अवधि के लिये जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। इस अवधि में निजी नलकूप के खनन को पूर्णत: प्रतिबंध किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रयोजनों के लिये नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नही करेगा। जिले के समस्त नदी, नालों, स्टापडैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग घरेलू प्रयोजन के लिये किया जायेगा।जल अभावग्रस्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप का निर्माण नही करेगा। यह आदेश शासकीय नलकूप खनन पर लागू नही होगा। इसी प्रकार जिन व्यक्तियों को अपनी निजी भूमि पर नलकूप खनन कार्य कराना है, उन्हें ऐसा करने के लिये निर्धारित प्रारूप में निर्धारित शुल्क के साथ संबंधित अनुविभागीय (राजस्व) को आवेदन करना होगा। इस कार्य के लिये समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सक्षम अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी अनुमति देने के पूर्व आवश्यक जांच एवं परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण करेंगे तथा अनुमति दिये जाने के संबंध में संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अभिमत या अनुशंसा प्राप्त करनी होगी।

### एसडीएम को दिया गया पानी आपूर्ति का दायित्व

जारी आदेशानुसार सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाने के कारण वैकल्पिक रूप से दूसरा कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नही होने पर जनहित में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत को पेयजल परिरक्षण संशोधित अधिनियम 2002 के सेक्सन 4 (ए) तथा 4 (बी) के प्रावधानों के अधीन अधिग्रहण निश्चित अवधि के लिये कर सकेगें। आदेश के उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# कुख्यात नशे का तस्कर पिंटू गिरफ्तार

## जस्सा की तलाश में दबिश देने गई थी पुलिस






नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. गांजा, शराब और कोडीन युक्त कफ सिरप का अवैध कारोबार करने वाले जस्सा गैंग का मुख्य सरगना विपिन जायसवाल उर्फ पिंटू तीसरी रेड में पुलिस के हत्थे चढ़ा है। इसके पहले दो दफा पुलिस दबिश देकर लौट चुकी थी।**

पकड़ में आने के बाद उसके कब्जे से उचेहरा थाना पुलिस ने तीन लग्जरी गाडि?ां, एक ट्रैक्टर जब्त किया है। यह चारों वाहन नशीले पदार्थों का परिवहन करने में उपयोग किए जाते थे। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन पर उचेहरा थाना पुलिस की यह सक्रिय कार्यवाही एएसपी प्रेमलाल कुर्वे, एसडीओपी रघु केशरी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उचेहरा निरीक्षक सतीश मिश्रा की टीम ने की है।

**केस- 1**

उचेहरा थाना पुलिस ने 16 जनवरी को ग्राम मड?ई में चौरसिया बाई साकेत के घर से 120 पेटी ऑनरेक्स कफ सिरप जब्त कर आरोपी मनीष यादव निवासी भुरुहुरा, शैलेन्द्र उर्फ टिंकू गुप्ता निवासी भुरुहुरा, चौरसिया बाई साकेत निवासी मड?ई, सोनेन्द्र उर्फ बड़े भईया उर्फ सोनेलाल एवं दानेन्द्र उर्फ पंकज सिंह दोनों निवासी महराजपुर थाना उचेहरा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया था। घटना का मुख्य आरोपी पिंटू उर्फ विपिन जायसवाल पिता अमृतलाल जायसवाल (40) निवासी पोंड़ी तब से फरार था।

**केस- 2**

इसी तरह दूसरी दबिश 17 जनवरी को ग्राम सखौहा खुर्द में देते हुए रामाधार चौधरी के घर से 15 प्लास्टिक की बोरियों में 400 किलोग्राम गांजा जब्त कर आरोपी रामाधार चौधरी पिता बाबूलाल चौधरी निवासी सखौहा खुर्द को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में आरोपी सोनेन्द्र उर्फ बड़े भईया उर्फ सोनेलाल एवं दानेन्द्र उर्फ पंकज सिंह दोनों निवासी महराजपुर को 28 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। इस प्रकरण में भी मुख्य आरोपी पिंटू उर्फ विपिन जायसवाल की तलाश चल रही थी।

### कार्रवाई में जिन वाहनों की हुई जब्ती

मादक पदार्थों के परिवहन में उपयोग किए जाने वाले वाहन सेल्टास कार एमपी 19 सीडी 0842, स्वीफ्ट कार यूपी 95 एम 8390, एक्सयूवी कार एमपी 19 सीए 8395, एक आईसर ट्रेक्टर जब्त किया गया है। सभी जब्त वाहनों की कीमत 40,50,000 रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिंटू के खिलाफ पूर्व से सतना और मैहर जिला के थाना नागौद, अमदरा, उचेहरा में एनडीपीएस एक्ट, ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 21 अपराध पंजीबद्ध हैं।



# मंदिर में चोरी के आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. मंदिर का दरवाजा तोडकर चोरी करने वाले मां-बेटे को कोलगवां पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार किया गया है.आरोपियों ने सेमरिया चौक स्थित सिद्धदात्री मन्दिर का दरवाजा तो?कर नकदी व जेवर पार कर दिए थे.**

थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी एवं टीम द्वारा की गई कार्यवाही के अनुसार 2 अप्रैल को फरियादी रमाशंकर दुबे पिता देवराज दुबे उम्र 54 वर्ष निवासी भरहुत नगर थाना कोलगवां जिला सतना ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29मार्च को रात्रि सिद्धदात्री मंदिर पुराना राज्य परिवहन डिपो के पट बंद करके 10 बजे रात मंदिर के अन्दर ही सो गया द 30 मार्च को सुबह 04.00 बजे पुन: उठा देखा तो मंदिर के स्टोर रूम में लगा प्लाई का दरवाजा कोई अज्ञात व्यक्ति तोड़कर स्टोर के अन्दर रखी आलमारी का ताला खोलकर आलमारी में रखी नगदी व सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गया हैं। रिपोर्ट पर अपराध धारा 331 (4) 305 (ए) बीएनएस का अपराध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पृथक-पृथक टीमें गठित की गई। सभी को अलग-अलग टास्क देकर कार्य में लगाया गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही रोशन केशरवानी पिता दिलीप केशरवानी उम्र 19 वर्ष निवासी गोपाल कालोनी टिकुरिया टोला थाना कोलगवाँ सतना को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया.

# अमरपाटन में युवक की गला रेतकर हत्या

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. अमरपाटन थाना क्षेत्र में एक युवक की गला रेतकर हत्या करने के बाद उसका चेहरा पत्थर से कुचल दिया गया। शुक्रवार की रात हुई इस वारदात के बाद पड़क्का स्थित औद्योगिक क्षेत्र से शनिवार की सुबह युवक का शव बरामद किया गया है।**

खबर पाते ही मौके पर पहुंचे टीआई विजय सिंह परस्ते ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद एसडीओपी ख्याति मिश्रा ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस टीम को दिए।

टीआई परस्ते ने बताया, मृतक की पहचान राजभान कोल उर्फ गोलू पिता प्रेमलाल (23) निवासी जगन्नाथ मोहरिया लालन के रूप में की गई है। मृतक के पिता ने बताा कि गोलू शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे घर आया और गाड़ी रखने के बाद मोबाइल फोन पर बात करते हुए चला गया। इसके बाद वह नहीं लौटा। देर रात उसकी तलाश शुरू की गई। आस पास के लोगों से पूछा, लेकिन गोलू का पता नहीं चला।

पुलिस का कहना है कि हत्या की गई है, लेकिन करने वाले कौन हैं और हत्या का कारण क्या है, इसके बारे में पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# दो सहेलियां दो दिन से लापता

▶ मारुति नगर की शारदा कॉलोनी स्थित घर से पैदल निकलीं

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. शहर कोतवाली थाना अंतर्गत मारूति नगर की शारदा कॉलोनी में रहने वाली दो नाबालिग लड़कियां शुक्रवार की सुबह से लापता हैं।**

शनिवार को उनकी तलाश में जुटे परिजन और पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांचे हैं, जिसमें दोनों सहेलियां एक साथ जाती हुई नजर आ रही हैं। मुख्त्यारगंज क्षेत्र तक तो लड़कियों को देखा गया, लेकिन इसके बाद उनका कोई सुराग नहीं लगा। पता चला है कि मूल रूप से सितपुरा निवासी राम शिरोमणि शुक्ला की बेटी अंजली उर्फ परी शुक्ला (14) और दिनेश सिंह परिहार की पुत्री पीहू उर्फ अदिति सिंह परिहार (14) लापता हैं। दोनों की तलाश में हर संभव जगह पर प्रयास कर लिए गए, लेकिन 36 घंटे बाद भी दोनों बालिकाओं की कोई खबर नहीं मिली। एक ओर परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है तो दूसरी ओर पुलिस की टीमें लगातार लड़कियों का सुराग लगा रही हैं।

# ट्रांसपोर्ट नगर में जमीन के विवाद में दो के बीच मारपीट

## मौके पर पहुंची पुलिस, घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. शहर के कोलगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में दंपति के साथ घर में घुसकर की गई मारपीट। बीच बचाव करने नौकर के साथ भी मारपीट।**







घटना में राजकुमार गुप्ता, उनकी पत्नी अनीता गुप्ता सहित नौकर घायल। घायलों को उपचार के लाया गया जिला अस्पताल। जानकारी के मुताबिक कृष्ण नगर के निवासी राजेश गुप्ता आधा दर्जन लोगों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर राजकुमार गुप्ता के घर में जा कर किया मारपीट। घटना जमीनी विवाद के चलते पुरानी रंजिश बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मारपीट करने गया पक्ष भी घायल।

# भरजुना में मारपीट करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार





नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. अडीबाजी कर शराब पीने के लिए पैसे माँगने वाले फरार आरोपियों को कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है.**

थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी एवं टीम द्वारा की गई कार्यवाही के अनुसार 2 अप्रैल को फरियादी लक्ष्मी दाहिया पिता कन्हैयालाल दाहिया उम्र 42 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला बाईपास दुर्गा नगर वार्ड न.37 थाना कोलगवां जिला सतना ने मौखिक रिपोर्ट किया कि 01अप्रैल को मे मोहल्ले में दुर्गा नगर मंदिर से जवा को लेकर अपने मोहल्ले के सभीजनो के साथ ट्रैक्टर ट्राली, कार से भरजुना मंदिर गये हुये थे रात्रि करीबन 10 बजे समापन हुआ फिर भरजुना मंदिर से सकुशल अपने घर वापस आ रहे थे जैसे ही रात्रि समय करीबन 10.30 बजे साईडिंग पहुंचे वहीं पर समीर खान पूर्व सरपंच एवं अलीम खान दोनो निवासी साईडिंग व उसके 10-12 अन्य साथीगण आये और सभी लोगो को रोक लिये व शराब पीने के लिये एक हजार रुपये मांगने लगे, पैसा देने से मना करने पर सभी लोग मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुये लाठी डंडा से मारपीट करने लगे एवं महिलाओं से अभद्रता करने लगे। मारपीट से कई लोगों को चोटे आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 115(2), 119(1), 126(2), 191(2), 296(2), 324(4), 351 (3) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए मामले के दो आरोपियो को 03अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था, शनिवार को मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हे कल माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

गिरफ्तारशुदा आरोपी - 01-कृष्ण प्रताप दाहिया उर्फ के. पी. पिता शिवकुमार दाहिया उम्र 27 वर्ष निवासी सायडिंग थाना कोलगवां जिला सतना म.प्र. 02-तेजा उर्फ तेजू उर्फ धर्मेन्द्र दाहिया पिता सुरेश दाहिया उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम साईडिंग थाना कोलगवां शामिल हैं.

# मैहर में नाबालिग लड़की से बलात्कार



नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. पिता के लिए दवा लेने निकली नाबालिग लड़की बलात्कार का शिकार हो गई। आरोपी ने उसे माबाइल फोन सुधरवाने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। कोतवाली मैहर क्षेत्र में हुई इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया है।**

यह बात सामने आई कि बालिका 3 अप्रैल की दोपहर पिता के लिए दवाई लेने के लिए सोनवारी गई थी। वहां से लौटने पर उसे फूलचंद चौधरी उर्फ झुरू मिला। झुरू ने बालिका को उसका मोबाइल फोन सुधरवाने के लिए रराजी किया और अपने साथ एक निर्माणाधीन मकान में ले गया। जहां विरोध करने पर उसने बालिका को धमकाया और फिर उसके मुंह में कपड़ा बांधकर जबरन बलात्कार किया। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने बालिका को जाने नहीं दिया। जब उसके परिजन तलाश करने लगे तो गांव पहुंचे झुरू ने उन्हें गुमराह कर दिया। किसी तरह परिजनों के पास बालिका आई तब उसने सच्चाई बयां की। खबर पाते ही पुलिस सक्रिय हुई तो आरोपी को पकड़ा और न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया।



# किसानों के समर्थन में उतरी किसान कांग्रेस

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. समर्थन मूल्य में गेहूं खरीदी किए जाने में हो रही देरी और बारदाने यानी बोरों की कमी पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पांडेय ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।**

उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार खरीदी टलने से किसान औने-पौने दाम पर फसल बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने शासन स्तर से किसानों की समस्या का समाधान अविलंब न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। अध्यक्ष संतोष पांडेय शनिवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, गेंहू खरीदी के लिए सरकार बार- बार तारीख बदल रही है। किसान अपनी फसल बेचने के लिए तैयार है, लेकिन सरकार खरीदी के लिए तारीख पर तारीख दे रही है। जिससे किसान न केवल परेशान है, बल्कि तमाम तरह के कर्ज चुकाने और भरण- पोषण के लिए अपनी फसल को घाटे पर बेचने के लिए मजबूर है। सरकारी नुमांइदे किसान की परेशानी समझने की बजाय उस पर कर्ज वसूली के लिए दवाब डाल रहे हैं।

किसानों को डिफाल्टर घोषित किया जा रहा है, उनके बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं, वसूली के लिए जोर जबरदस्ती भी की जा रही है। संतोष ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दावा करती है कि वह किसानों की हितैषी है, जबकि इस सरकार की नीतियां रीतियां समाज और देश हित में नहीं हैं। बताया गया कि गेंहू खरीदी के लिए समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे 2700 रुपए करने को कहा जबकि जरूरत 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल का रेट निर्धारित करने की है।

### सम्राट अशोक महान जयंती पर कार्यक्रम आज

सतना, 4 अप्रैल. द बुद्धाज भूमि एवं जिला कुशवाहा संघ के संयुक्त तत्वावधान में 5 अप्रैल 2026 रविवार सुबह 10.30 बजे स्थानीय लवकुश स्कूल हनुमान नगर वार्ड 18 में प्रियदर्शी चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान का 2030 वां जयंती समारोह मनाया जाएगा। द बुद्धाज भूमि के सचिव एवं नगर पालिक निगम के पूर्व पार्षद एवं जिला कुशवावा संघ के अध्यक्ष एड0 गौरीशकर ?शवाहा ने जिले के गणमान्य नागरिकों , बुद्धिजीवियों , सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बौद्ध अनुयाइयों से अधिक से अधिक संख्या में प्रियदर्शी चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के जयंती समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# बिलिंकिट कर्मचारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. समस्त ब्लिन्कइट मे फील्ड मे काम करने वाले कर्मचारियो ने भारतीय रास्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के शहर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, एन.एस राजपूत (कोषाध्यक्ष) गर्वित चोपड़ा( उपाध्यक्ष) अंकुर सेठ( महामंत्री ), इस्तेयाक अहमद (मंत्री )एवं अन्य पदाधिकारियों से मुलाकत की एवं अपनी कार्यस्थल मे आ रही समस्याओ से लिखित अवगत कराया.**

समस्याओ के निराकरण के लिए कंपनी,शासन,प्रशासन से चर्चा करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस(इंटक)शहर सतना को विधिवत अधिकृत किया गया। इंटक के द्वारा सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा जाएगा इस अवसर पर बिलन्किट के लगभग 70 फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे ।

# अंत्योदय के सिद्धांतों के साथ देश विकास की ओर : गणेश




नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अप्रैल. पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बिरसिंहपुर में किया गया। इस शिविर में सतना लोकसभा सांसद गणेश सिंह भी शामिल हुए।**

सांसद के पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सांसद गणेश सिंह ने सबसे पहले नए कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत परिचय लिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पार्टी के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं और आम जनता को लाभान्वित करें। सांसद ने कहा कि मोदी युग में अंत्योदय के सिद्धांतों के साथ देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।

### अंत्योदय भाजपा का मूल मंत्र

सांसद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि पहली सरकारें पक्षपात और अपना-पराया का भेद करती थीं। लेकिन भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत पर चल रही है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मूल सिद्धांत है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अंत्योदय की अवधारणा को विस्तार से बताया और सभी कार्यकर्ताओं को इसका अनुसरण करने की सलाह दी।

## एक नजर में




### सज्जनपुर में हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम

**सतना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सज्जनपुर में प्रवेश उत्सव अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम तहसीलदार सुजीत नागेश जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विभा शुक्ला एवं कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी उच्च माध्यमिक शिक्षक नीलेश पाठक और राम कृष्ण गुप्ता ने किया। विद्यालय के शैक्षणिक प्रभारी शिक्षक रविंद्र श्रीवास्तव ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम एवं प्रवेश उत्सव की जानकारी दी। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजीव लोचन अग्निहोत्री, संतोष कुमार नागर, पूजा सिंह, ज्योति सोनी, लक्ष्मी प्रजापति, सुरेन्द्र द्विवेदी, प्रिया सिंह, सूरजा उइके, हेमंत भक्तानी, शैलेन्द्र सिंह , राकेश तिवारी, सुशील सोनी, समय लाल कोल, राजकुमार द्विवेदी,जगत सोनी,रजनीश निगम, मनबहोर प्रजापति, नरेन्द्र द्विवेदी, रजनी तिवारी, राहुल तिवारी, सत्यम पांडे, अंकुर सेन, पंकज सोनी, विवेक सेन, सुखलाल साकेत ने सहयोग प्रदान किया।




### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

**सतना।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा शनिवार को डा. अभिनव चौरसिया के जन्मदिन पर लायंस क्लब सतना गैलेक्सी तथा अरूण त्रिपाठी बब्लू की धर्मपत्नी की पुण्यतिथि पर त्रिपाठी परिवार एवं चिरंजीव आयुष श्रीवास्तव के जन्मदिन पर श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव-अनिल कुमार श्रीवास्तव परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में सेकेंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, ज़ोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, लायन जितेन्द्र गर्ग,विनय कमल त्रिपाठी और मंदिर के पुजारी पं .जगन्नाथ महराज एवं साथी उपस्थित रहे ।

### शोक सभा में दी गई श्रद्धांजलि



**सतना ।** कोषालय (ट्रेजरी) में पदस्थ उमरी निवासी विष्णु नारायण त्रिपाठी की माता जी श्रीमती ज्ञान लता त्रिपाठी का निधन विगत एक अप्रैल 2026 को होने पर एक शोक सभा आयोजित हुई जिसमें विजय मिश्रा, अमित मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, राजेश पांडे, शारदा त्रिपाठी, ध्रुव प्यासी, कैलाश प्यासी, दीपक गुप्ता, नितेश गुप्ता, दीपक जोशी, सुरेश त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, सुनील नामदेव, सुमित चौरसिया, समीर त्रिपाठी, राकेश तिवारी, सुधीर आचार्य सहित कई लोगों की उपस्थित में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना कि गई की दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।